प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 19.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज, आज भाजपा उम्मीदवारों के नामों की घोषणा संभव, कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची कल हो सकती है जारी।
- इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर विचार–विमर्श जारी, सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी आज आयेंगे रांची, राजद नेता तेजस्वी यादव भी पहुंचे।
- विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में वाहनों की जांच पड़ताल तेज, धनबाद में जांच के दौरान करीब 16 लाख 50 हजार रुपए बरामद।
- दिल्ली हाईकोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को राहत देने से किया इनकार, नहीं लड़ सकेंगे विधानसभा चुनाव।

*******************

विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गयी है। सभी राजनीतिक दलों की बैठकों का दौर जारी है। इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा आज प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इससे पहले रांची में एनडीए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा करते हुए पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह चुनाव सत्ता के लिए नहीं है बल्कि झारखंड की अस्मिता बचाने का चुनाव है।

*******************

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एनडीए अब तक की सबसे अचूक गठजोड़ के साथ चुनाव मैदान में उतर रहा है।

*******************

झामुमो ने कहा है कि झारखंड में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा का गठजोड़ टिकने वाला नहीं है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि भाजपा और आजसू प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही एनडीए बिखर जायेगा।

*******************

कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक कल नयी दिल्ली में बुलायी गयी है। बैठक में पार्टी प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रुप दिया जायेगा। पार्टी के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि प्रत्याशियों की सूची पार्टी हाईकमान को भेज दी गयी है। केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जायेगी।

*******************

इधर, विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच विचार–विमर्श जारी है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और वामदल मिलकर चुनाव लड रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए आज रांची पहुंच रहे हैं। बैठक में भाग लेने के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के पर्यवेक्षक मल्लू भट्टी विक्रमार्क और सीपीआई महासचिव डी. राजा रांची पहुंच गये हैं। श्री गांधी रांची में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

*******************

विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ और अक्रामक हो गयी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने यह भी कहा है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही स्नातक और स्नातकोत्तर पास युवाओं को प्रतिमाह 2 हजार रुपए का भत्ता दिया जाएगा।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य भर में वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। धनबाद जिले की सीमा पर बने विभिन्न चेक पोस्ट पर जांच के दौरान तीन अलग–अलग वाहनों से 16 लाख 43 हजार रुपए से नगद बरामद किये गये हैं। जांच के क्रम में वाहनों से शराब भी जब्त की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने इसकी पुष्टि की है।

*******************

विधानसभा चुनाव को लेकर खूंटी जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मधु कोड़ा को दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें श्री कोड़ा ने कोयला घोटाला मामले में उन्हें निचली अदालत से दोषी ठहराये जाने के फैसले को रद्द करने की मांग की थी। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद श्री कोड़ा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

*******************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने देवघर जिले से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं। देशभर के 156 साइबर अपराध के मामलों में इनकी संलिप्तता सामने आयी है।

*******************

उधर, जामताड़ा जिले में पुलिस ने लूटकांड में शामिल छह अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी मिले हैं। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारीब ने बताया कि 30 सितंबर को कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के गबड़ा पुल के समीप इन अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से 2 लाख 30 हजार रुपए की लूट की गई थी।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने एक अवैध शराब फैक्टरी का उदभेदन किया है। सहायक उत्पाद आयुक्त बिमला लकड़ा ने बताया कि हाकाई गांव में बंद पड़े एक मकान से भारी मात्रा में स्पिरिट, शराब, ढक्कन एवं बोतल समेत शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद की गयी है।

*******************

तीरंदाज़ी विश्व कप फ़ाइनल 2024 आज से मेक्सिको में शुरू होगा। भारत की ओर से इसमें पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिनमें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम, ओलिम्पिक खिलाड़ी झारखंड की दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मदेवरा तथा प्रियांश और प्रथमेश फुगे शामिल हैं। पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धाएं आज भारतीय समयानुसार रात साढ़े नौ बजे से शुरू होंगी। इसमें कुल 32 तीरंदाज भाग लेंगे।

********************